2020/00243

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री महेन्द्रदान जाति चारण निवासी गुरूकुल रोड़ धामनी देलवाड़ा आबूपर्वत जिला सिरोही।		सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत

विषय मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 45 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
11.08.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 12.09.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि आर एण्ड बी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को ब्लास्ट कन्ट्रोल के लिए दी गई स्वीकृति की प्रति एवं मॉनिटरिंग कमेटी आबूपर्वत के सदस्य होने के नाते यह आदेश उपखण्ड़ अधिकारी द्वारा जारी किया गया था क्या, से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रुपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 12.09.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि आर एण्ड बी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को ब्लास्ट कन्ट्रोल के लिए दी गई स्वीकृति की प्रति एवं मॉनिटरिंग कमेटी आबूपर्वत के सदस्य होने के नाते यह आदेश उपखण्ड़ अधिकारी द्वारा जारी किया गया था क्या, से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी एस.डी.एम आबूपर्वत को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर,	296-97 13/8/20

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 16:49:56 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner